**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**लोक सभा**
**19.03.2025 के**
**तारांकित प्रश्न सं. 263 का उत्तर**

**वंदे भारत/भारत गौरव/तेजस रेलगाड़ियों की शुरुआत**

***263. श्री संजय हरिभाऊ जाधव:**
**श्री अरविंद गणपत सावंत:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क)** **क्या सरकार ने देश भर में वंदे भारत, भारत गौरव और तेजस रेलगाड़ियां शुरू की हैं;**
**(ख)** **यदि हां, तो इनकी मुख्य विशेषताओं, उद्‌देश्यों और लक्ष्यों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**
**(ग)** **विशेषकर परभणी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित महाराष्ट्र को जोड़ने वाली रेलगाड़ियों सहित ऐसी रेलगाड़ियों का राज्यवार ब्यौरा क्या है;**
**(घ)** **उक्त उद्‌देश्य के लिए चयनित मार्गों/क्षेत्रों का राज्यवार ब्यौरा क्या है;**
**(ङ)** **सरकार द्‌वारा वर्तमान में देश भर में संचालित ऐसी रेलगाड़ियों की संख्या का ब्यौरा क्या है;**
**(च)** **क्या सरकार का ऐसी रेलगाड़ियों के नेटवर्क का विस्तार करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**
**(छ)** **क्या सरकार का नई रेलगाड़ियां शुरू करने और थीम आधारित पर्यटक सर्किट रेलगाड़ियों की संख्या बढ़ाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और**
**(ज)** **सरकार द्‌वारा विभिन्न चरणों में भारतीय रेलवे में रेलगाड़ियों की संख्या और आवृत्ति बढ़ाने के लिए क्या अतिरिक्त कदम उठाए जा रहे हैं?**

**उत्तर**

**रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्‌योगिकी मंत्री**

**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

**(क) से (ज): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।**

*********

**दिनांक 19.03.2025 को लोक सभा के तारांकित प्रश्न सं. 263 के भाग (क) से (ज) के उत्तर से संबंधित विवरण।**

**(क) से (ज): बेहतर यात्रा अनुभव और बेहतर संरक्षा प्रदान करने के वृहद उद्देश्य के रूप में, भारतीय रेल ने वंदे भारत रेलगाड़ियों और तेजस रेलगाड़ियों की शुरूआत हैं जिनमें संवर्धित संरक्षा विशेषताएं और आधुनिक यात्री सुविधाएं हैं।**

**वंदे भारत रेलगाड़ियों में कवच प्रणाली, शीघ्र त्वरण, पूर्णतः सीलबंद गैंगवे, स्वचालित प्लग दरवाजे, बेहतर सवारी आराम, हॉट केस, बॉटल कूलर, डीप फ्रीजर और हॉट वॉटर बॉयलर की व्यवस्था के साथ मिनी पेंट्री, रिक्लाइनिंग एर्गोनोमिक सीटें, एक्जीक्यूटिव श्रेणी में घूमने वाली सीटों के साथ आरामदायक बैठने की जगह, प्रत्येक सीट के लिए मोबाइल चार्जिंग सॉकेट, ड्राइविंग ट्रेलर कार (डीटीसी) में दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष शौचालय, सीसीटीवी आदि जैसी कई विशेषताएं हैं।**

**तेजस रेलगाड़ी में स्वचालित प्रवेश प्लग दरवाजे, यात्री सूचना प्रणाली, जीपीएस आधारित एलईडी गंतव्य प्रदर्शक बोर्ड, सीटों के साथ रीडिंग लाइट के साथ लगेज रैक, विद्युत संचालित विनीशियन खिड़कियां, स्वचालित केबिन प्रवेश द्वार, पैनलों पर चिपकाई गई पीवीसी फिल्म के साथ नए सौंदर्यपूर्ण मनभावन इंटीरियर, इलेक्ट्रॉनिक आरक्षण चार्ट, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा, बेहतर शौचालय, बायो वैक्यूम सिस्टम, अग्नि एवं धूम्र संसूचन प्रणाली, पावर कारों में अग्निशमन प्रणाली, विनाइल रैप युक्त विशेष रूप से डिजाइन की गई बाह्य साज-सज्जा, धूल से सुरक्षित/सीलबंद इंटर कार गैंगवे, ऊर्जा कुशल एलईडी बत्तियां जैसी विशेषताएं हैं।**

**18 मार्च, 2025 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल नेटवर्क पर 136 वंदे भारत रेलगाड़ी सेवाएँ और 08 तेजस रेलगाड़ी सेवाएँ (चेयर कार के साथ) परिचालित की जा रही हैं। बहरहाल, चूंकि रेल नेटवर्क राज्य की सीमाओं के आर-पार फैला होता है और ऐसी सीमाओं के आर-पार नेटवर्क की आवश्यकता के अनुसार, रेलगाड़ियां चलाई जाती हैं। वर्तमान में, आरंभिक/समापन आधार पर, 22 वंदे भारत सेवाएँ जबकि 04 तेजस सेवाएँ महाराष्ट्र राज्य में स्थित स्टेशनों की आवश्यकताओं को पूरा कर रही हैं।**

**थीम आधारित पर्यटक सर्किट रेलगाड़ियों के माध्यम से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और भव्य ऐतिहासिक स्थलों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से, भारतीय रेल ने 'भारत गौरव रेलगाड़ियां' शुरू की हैं। वर्तमान में, भारत गौरव योजना के अंतर्गत 12 रेक परिचालित किए जा रहे हैं। इनमें से, 10 रेक इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) द्वारा परिचालित किए जा रहे हैं। पर्यटकों/तीर्थयात्रियों की मांग और व्यावसायिक व्यवहार्यता के आधार पर भारत गौरव रेलगाड़ियों की योजना बनाई जाती है और उनका परिचालन किया जाता है।**

**अब तक, भारत गौरव रेलगाड़ियां 24 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को कवर करने वाले 36 सर्किटों पर परिचालित की गई हैं। इनमें से, आईआरसीटीसी ने 26 सर्किटों पर भारत गौरव रेलगाड़ियां परिचालित की हैं। लोकप्रिय सर्किटों में श्री रामायण यात्रा/श्री रामलला दर्शन, पुण्य तीर्थ यात्रा, दक्षिण भारत यात्रा, साई शिरडी यात्रा, गरवी गुजरात, जगन्नाथ पुरी यात्रा, ज्योतिर्लिंग यात्रा, काशी दर्शन, उत्तर भारत देवभूमि यात्रा शामिल हैं। अत:, अधिकांश रेक और सर्किट आईआरसीटीसी द्वारा संचालित किए जा रहे हैं।**

**इसके अलावा, महाराष्ट्र राज्य में स्थानों को कवर करने वाले सर्किटों पर 87 भारत गौरव यात्राएं परिचालित की गई हैं। इनमें से, 71 यात्राएं आईआरसीटीसी द्वारा परिचालित की गई हैं। इन सर्किटों में श्री रामायण यात्रा, द्वारका और शिरडी यात्रा के साथ 07 ज्योतिर्लिंग, बाबा साहेब अम्बेडकर यात्रा, गुरु कृपा यात्रा, चार धाम यात्रा, साउथ वेस्टर्न सोजर्न, कॉलेज ऑन व्हील्स शामिल हैं।**

**भारत गौरव रेलगाड़ियों में भारतीय विरासत को प्रदर्शित करने वाली विशेष थीम पर बाहरी और आंतरिक भाग पर विनाइल रैपिंग, आधुनिक गैजेट्स (बिजली आधारित खाना पकाने के उपकरण) के साथ मॉड्यूलर किचन, सभी सवारी डिब्बों के सामान्य क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की संस्थापना, शौचालयों का रूपांतर, फायर अलार्म और एयर फ्रेशनर की व्यवस्था, सूचना और मनोरंजन के लिए प्रत्येक सवारी डिब्बे में जन उद्घोषणा प्रणाली, सवारी डिब्बों की नियमित सफाई और स्वच्छता के लिए ऑनबोर्ड हाउसकीपिंग कर्मचारी जैसी विशेषताएं होती हैं।**

**इसके अलावा, भारतीय रेल में नई रेलगाड़ी सेवाओं की शुरुआत करना, मौजूदा सेवाओं का विस्तार और फेरों में वृद्धि करना एक सतत् प्रक्रिया है जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन है।**

*********